हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 21 अक्टूबर 2024


तापमान

अधिकतम 35.3 डिग्री
न्यूनतम 16.9 डिग्री


12 लखविंदर की नियुक्ति पर परिवार में खुशी





12 ध्येय पर चलने वाले व्यक्ति को ही मिलती है मंजिल : विज




## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना सदर के दि स्काई होटल के पास से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी तरणजीत सिंह उर्फ नानू को 10 ग्राम 88 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। अब पुलिस ने आरोपी को 1 दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। नाकाबंदी के दौरान ही पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 ग्राम 88 मिलिग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी कपिल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि मनीष उर्फ मन्नी भी इस मामले में शामिल है। चरखी मोहल्ले की दिव्य जैन ने 19 अक्तूबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके घर से हाइड्रोलिक मशीन का सामान चोरी कर लिया है।

### धमकी देने के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी विजय कुमार को शामिल जांच किया गया है । बोह के अभिषेक उर्फ अभू ने 2 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जून 2024 को आरोपी सुमित, रजत उर्फ गज्जन व अन्य ने गांव बोह में उससे व उसके परिवार के सदस्यों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

# प्रदूषण नियंत्रण के लिए पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर जिले में लगाई रोक

## जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने ग्रीन पटाखों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री व उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने के जारी किए आदेश

### जिले में 30 अक्तूबर से 1 नवंबर तक रहेंगे जारी आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। इसी क्रम में जिलाधीश एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने यमुनानगर जिला में ग्रीन पटाखों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के पटाखों के भंडारण, बिक्री व इस्तेमाल पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों में फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि ई-कॉमर्स कंपनियां को पटाखों के किसी भी ऑनलाइन ऑर्डर को स्वीकार करने की मनाही की गई है।

जानकारी के मुताबिक जिलाधीश एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार द्वारा जारी आदेश में नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने की जिम्मेदारी सम्बंधित एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी, नगर निगम के अधिकारीगण, ख.ड विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा फायर स्टेशन अधिकारी या प्रतिनिधि अपने अपने कार्यक्षेत्र में एक दूसरे से तालमेल करके इन आदेशों को सख्ती से लागू करवाएंगे। जिलाधीश ने सभी एसडीएम को अपने अपने अधिकार क्षेत्र में



**यमुनानगर।** कार्यालय में आदेशों के बारे में जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए स्थल की पहचान करने व उनके लिए अस्थायी लाइसेंस जारी करने के लिए अधिकृत किया है (इसमें स्थायी लाइसेंस धारकों के अलावा अन्य आवेदक भी शामिल हो सकते हैए जो सभी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं) स्थाई सभी एसडीएम 1 नवंबर तक मामले की दैनिक रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। आदेशों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को भी हिदायत दी गई है कि वे नियमित रूप से वायु की गुणवत्ता पर निगरानी रखेंगे।

### कम प्रदूषण फैलाने वाले बेचे जा सकते हैं पटाखे

जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के मुताबिक सर्वोच्च न्यायालय की हिदायतों के अनुसार जिला यमुनानगर में कम प्रदूषण फैलाने वाले ग्रीन पटाखें ही लाईसेंस प्राप्त व्यापारियों के माध्यम से बेचे जा सकते हैं।

अन्य पटाखों तथा लड़ियों के उत्पादन, बिक्री तथा प्रयोग पर पूर्ण रुप से प्रतिबंध लगा दिया गया है । क्योंकि इनसे बहुत ज्यादा वायु तथा ध्वनि प्रदूषण होता है और ठोस कचरा संबंधी समस्याएं भी होती हैं। आदेशों में कहा गया है कि सभी टीमें नकली ग्रीन पटाखे जब्त करेंगी तथा ऐसे खुदरा विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द करने तथा आदेशों की उल्लंघन करते पाए जाने पर विस्फोटक नियम 2008 की विभिन्न धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की सिफारिश करेंगी। जिलाधीश के यह आदेश जिला में 30 अक्तूबर से एक नबंर तक प्रभावी रहेंगे।

### पटाखों की बिक्री व इस्तेमाल पर प्रतिबंध, केवल ग्रीन पटाखे चलाने की समय सीमा निर्धारित

**कुरुक्षेत्र।** जिलाधीश एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि जिला की सीमा में वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर प्रदूषण फैलाने वाले कारकों की पहचान कर सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आमजन इन नियमों का पालन करते हुए प्रदूषण नियंत्रण में सहभागी बनने का आहवान किया है। जिलाधीश एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुझाव और सरकार से प्राप्त निदेर्शों की अनुपालना में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 और विस्फोटक अधिनियम, 1884 में नीहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुरुक्षेत्र की सीमा में 22 अक्टूबर से 31 जनवरी 2025 तक की अवधि के लिए ग्रीन पटाखों को छोडकर और सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, फोडने और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए हैं। हरित पटाखे फोडने की इस प्रकार होगी समय-सीमा जिलाधीश एंव उपायुक्त राजेश जोगपाल ने जारी आदेशों के मुताबिक दिवाली पर्व और श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर दो घंटे और क्रिसमस व नव वर्ष पर केवल 35 मिनट आतिशबाजी की जा सकेगी। इस दौरान भी केवल ग्रीन पटाखे जलाए जा सकते हैं। जिला प्रशासन की ओर से प्रदूषण की समस्या को ध्यान में रखते हुए पटाखों की बिक्री, बनाने और उनके इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। केवल ग्रीन पटाखे जलाने की ही अनुमति दी गई है। प्रदूषण को बढ़ावा देने में पटाखों की भी अहम भूमिका है। वायु प्रदूषण के कारण श्वसन और हृदय रोग जैसी कई बीमारियों को बढ़ावा मिलता है। बुजुर्गों और छोटे बच्चों को भी सर्दी के मौसम में प्रदूषण के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सर्दियों के दौरान विशेषकर अक्टूबर से जनवरी के महीनों में वायु प्रदूषण में वृद्धि एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता का विषय है। दिवाली के दिन या किसी अन्य त्योहार जैसे गुरु पर्व आदि पर दो घंटे रात 8 से 10 बजे तक आतिशबाजी कर सकेंगे। वहीं, क्रिसमस और नए साल की पूर्व संध्या पर रात 11.55 से 12.30 बजे तक आतिशबाजी की अनुमति होगी। वहीं फ्लिपकार्ट, अमेजन आदि ई-कॉमर्स कंपनियां पटाखों के किसी भी ऑनलाइन ऑर्डर को स्वीकार नहीं करेंगी।



**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त राजेश जोगपाल।

# हजारों रुपये की हेरोइन के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार



**यमुनानगर।** हेरोइन के साथ गिरफ्तार किए गए नशातस्कर को अदालत में पेश करने ले जाते हुए ब्यूरो की टीम।

- आरोपी से बरामद हुई 11.95 ग्राम हेरोइन
- हरियाणा एनसीबी यूनिट अंबाला ने आरोपी को गिरफ्तार करने में प्राप्त की सफलता
- आरोपी को अदालत में पेश कर लिया रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो अंबाला यूनिट की टीम ने हजारों रुपये की हेरोइन(स्मैक) के साथ एक नशातस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी के कब्जे से ब्यूरो की टीम ने 11.95 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी से अहम जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक अंबाला जगबीर सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य नारोकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के नेतृत्व में और पुलिस अधीक्षक आईपीएस नितिका गहलोत के निर्देश पर प्रदेश भर में नशातस्करों पर शिकंजा कसने का अभियान चलाया गया है। इसी अभियान के तहत ब्यूरो अंबाला यूनिट की टीम यमुनानगर के पांसरा फाटक के नजदीक किसी खुफिया ड्यूटी के लिए तैनात थी। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात टीम को खास मुखबर ने सूचना दी कि तीर्थ नगर टपरी निवासी इस्ताक हेरोइन तस्करी करने का धंधा कर रहा है। वह इस समय तीर्थ नगर टपरी से पैदल चलकर पांसरा रेलवे फाटक की तरफ जा रहा है। जो कोई नशीला पदार्थ लिए हुए है। सूचना मिलते ही ब्यूरो अंबाला की टीम ने नाकाबंदी कर जांच शुरू कर दी। कुछ देर के बाद ब्यूरो की टीम को एक युवक संदिग्ध हालत में आते हुए दिखाई दी। ब्यूरो की टीम ने तुरंत युवक को पकड़ लिया और मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में ईटीओ विरेंद्र सिंह को बुलाया गया।

### मामले में संलिप्त मिलने वाले के खिलाफ भी होगी कार्रवाई

मामले की जांच कर रहे ब्यूरो के यूनिट प्रभारी एवं उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी से पता लगाया जाएगा कि वह हेरोइन कहां से लेकर आता है और किसे सप्लाई करता है। मामले में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपने आसपास नशा का धंधा करने वालों के बारे में तुरंत हरियाणा एनसीबी के टोल फ्री नंबर पर सूचना दिए जाने के लिए आहवान किया।

# पानीपत में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ीं

- मुख्य सचिव नाराज हुए, ग्राम सचिव, पटवारियों, थानेदारों को नोटिस जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा मुख्य सचिव टीवीएस एन प्रसाद ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंस कर पानीपत प्रशासन को पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने के सख्त निर्देश दिए। वहीं, प्रसाद ने कहा कि जो भी अधिकारी पराली जलाने की घटनाओं को रोक पाने में कामयाब नहीं रहे हैं उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया जाए और जो भी कार्यवाही बनती है इसमें की जाए। इसको लेकर सोमवार को दोबारा 11 बजे वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव बैठक लेंगे।

### कारण बताओं नोटिस जारी किए

वीसी के बाद पानीपत डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने संबंधित अधिकारियों की बैठक संबोधित करते हुए 12 गांव में हुई पराली जलाने की घटनाओं को लेकर सख्त निर्देश दिए और संबंधित ग्राम सचिव और पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। यही नहीं उन्होंने बैठक में कृषि विभाग के डीडीए को अनुपस्थित रहने के कारण भी स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं।

### थानाध्यक्षों से भी जवाब तलब किया

बैठक में उपस्थित डीएसपी सतीश वत्स को कहा कि पुलिस अधीक्षक के माध्यम से संबंधित एसएचओ को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। जिन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई। उन्होंने सोमवार को इसको लेकर कोर्ट में चालान भी पेश करने के निर्देश दिए।

#### 12 गांवों में जली पराली, सात केस दर्ज

डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जिले में 12 गांवों में पराली जलाने की घटनाएं हुई है। जिसको लेकर 7 एफआईआर दायर की जा चुकी है और आठ चालान पेश किए जा चुके हैं। जिनसे 20 हजार जुर्माना भी वसूल किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला के गांव बुडशाम, नौल्था, जौरासी, करहंस, शेरा, चुलकाना, राकशेडा, ग्वालडा, राजाखेड़ी, बराना, भादड़ और आटा गांव में 15 स्थान ऐसे चिन्हित किए गए हैं जहां पराली जलाने की घटना हुई है।

# खरीद एजेंसियों ने 333811.2 मीट्रिक टन धान की खरीद की

- 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर 378107 .37 एमटी धान की हुई आवक, 149100 एमटी धान का हुआ उठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिले की 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 333811.2 मीट्रिक टन धान को खरीद लिया हैं। इन मंडियों में अब तक 53150 किसान 378107.37 एमटी धान लेकर पहुंच चुके हैं।

एजेंसियों द्वारा 149100 मीट्रिक टन धान के उठान कार्य को पूरा कर लिया हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों को धान उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मंडियों से धान खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में जरा सी भी देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही किसानों की फसल के भुगतान राशि भी निर्धारित समयवधि के अन्दर खातों में जमा होनी चाहिए।

जो भी एजेंसी उठान व भुगतान कार्य में लापरवाही बरतेगी उस के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 19 अक्तूबर तक अंबाला छावनी से 27506 एमटी, अंबाला शहर से 63779 एमटी, नन्यौला मंडी से 7259 एमटी, साहा मंडी से 38907 एमटी, मुलाना मंडी से 37568 एमटी, बराड़ा मंडी से 39026 एमटी धान खरीदा जा चूका है। उन्होंने कहा कि तलहेड़ी मंडी से 12207 एमटी, केसरी मंडी से 6145 एमटी, उगाला मंडी से 5204.2 एमटी, सरदेड़ी मंडी से 5899 एमटी, भरेड़ीकलां से 7920 एमटी, नारायणगढ़ मंडी से 42251 एमटी, शहजादपुर मंडी से 17679 एमटी, कड़ासन मंडी से 16400 एमटी, बेरखेडी मंडी से 6061 एमटी धान की खरीद का कार्य पूरा किया गया हैं।

उन्होंने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग ने 167917.2 एमटी, फूड फार्मर ने 26013 एमटी, हैफेड 156827 एमटी, हैफेड फार्मर ने 25881 एमटी, हरियाणा वेयर हाउस कॉरपोरेशन ने 9067 एमटी धान खरीद ली हैं।

# दो भाइयों ने किशोरी पर शारीरिक संबंध बनाने का बनाया दवाब

- पुलिस ने आरोपी दोनों भाईयों के खिलाफ किया पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में दो भाईयों ने 15 वर्षीय किशोरी पर शारीरिक संबंध बनाने का दवाब बनाया। आरोप है कि दोनों भाईयों ने किशोरी के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भी भेज। परिजनों को जब इस बात का पता चला तो उसने दोनों भाईयों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 15 वर्षीय लड़की स्कूल में पढ़ती है।

गांव का ही अनुज व जितेश उसकी लड़की को काफी दिनों से परेशान कर रहे थे। आरोपी उसकी लड़की पर शारीरिक संबंध बनाने का दवाब बना रहे थे। आरोपियों ने उसकी लड़की के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजे।

परेशान होकर उसकी लड़की ने उसे इस बारे बताया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ 12 व आठ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# युवक ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ बनाए संबंध

- बाद में आरोपी युवक ने शादी करने से किया मना
- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांधी नगर थाना क्षेत्र के एक युवक ने महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। बाद में आरोपी युवक ने महिला को शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांधी नगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मोहित नामक युवक के साथ जान पहचान थी। इसके बाद आरोपी उससे फोन पर बात करने लगा। जिससे उनके बीच दोस्ती हो गई। इसके बाद आरोपी उससे शादी करने को बात कहने लगा। उसने आरोपी पर विश्वास कर दिया। इसके बाद आरोपी आठ अगस्त 2022 को उसके घर आया। आरोपी ने उसे घर पर अकेला पाकर उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद भी आरोपी उसे शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। गत 30 जून को उसने आरोपी को शादी करने के लिए बोला तो आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपी ने उससे बात करनी बंद कर दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### जिप अध्यक्ष के पति को दी हत्या की धमकी

**पानीपत।** पानीपत जिला परिषद की चेयपर्सन काजल देशवाल के पति संदीप देशवाल को विदेशी नंबर से वॉट्सएेप कॉल पर जाने से मारने की धमकी दी गई है। बदमाश ने कॉल कर कहा कि मैं तेरे परिवार के एक-एक सदस्य के बारे में अच्छे से जानता हूं। आराम से काम कर लो, नहीं तो पूरे परिवार को लालबत्ती चौक पर खत्म कर देंगे। इसके बाद गालियां देने के बाद बदमाश ने फोन काट दिया। वहीं संदीप ने इस मामले की शिकायत सनौली थाना पुलिस को दी है। वहीं, साथ ही रविवार को जिला परिषद के कई पार्षदों ने मीटिंग कर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। एसपी लोकेंद्र सिंह ने जल्द ही आरोपी को पकड़ने का आश्वासन देते हुए सुरक्षा प्रदान करने की बात कही है।

## जीएमएन कॉलेज ने रनर अप ट्रॉफी पर किया कब्जा

# जोनल युवा महोत्सव में छात्रों ने प्रतिभा का जलवा बिखेरा

- छात्रों ने कई स्पर्धाओं में किया शानदार प्रदर्शन, कॉलेज प्राचार्य की ओर से छात्रों को दी गई बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट स्थित एसडी कॉलेज में आयोजित ज़ोनल यूथ फेस्टिवल के तीसरे दिन जीएमएन कॉलेज के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई पुरस्कार हासिल किए। कॉलेज के छात्रों ने हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा, ऑन-द-स्पॉट फोटोग्राफी, और वक्तृत्व कला (एलोक्यूशन) जैसी तीन प्रमुख गतिविधियों में हिस्सा लिया। उनके इस उम्दा प्रदर्शन से कॉलेज का नाम रोशन हुआ। तीसरे दिन के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न गतिविधियों में विजयी छात्रों को सम्मानित किया गया। जीएमएन कॉलेज के छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त किए और अपनी कला, प्रतिभा और उत्साह का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कुछ इस प्रकार रहे जोनल यूथ फेस्टिवल में जीएमएन कॉलेज के परिणाम प्रथम दिन लाइट वोकल इंडियन



**अंबाला।** यूथ फेस्टिवल के रनरअप की ट्रॉफी के साथ कॉलेज छात्र व प्राचार्य।

में जीएमएन कॉलेज ने प्रथम स्थान हासिल किया तो वही लोक सांग जनरल में प्रथम स्थान प्राप्त किया ,संस्कृत ड्रामा में कॉलेज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ तो वही फोक सांग हरियाणवी में कॉलेज ने दूसरा स्थान हासिल किया। रिचुअल में भी कॉलेज को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ तो वहीं फोक सांग हरियाणवी में भी कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा। हिंदी प्ले में कॉलेज ने दूसरा स्थान हासिल किया तो क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट प्रक्शन सोलो में भी कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा। फोक इंस्ट्रूमेंट सोलो में भी कॉलेज ने दूसरा स्थान हासिल किया ।सांग एवं हरियाणवी आर्केस्ट्रा में भी कालेज द्वितीय स्थान पर रहा ।जीएमएन कॉलेज को अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए रनर अप की ट्रॉफी से नवाजा गया जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य, डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज के छात्रों ने कठिन परिश्रम और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने पूरी टीम और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को भी बधाई दी जिन्होंने छात्रों को इस फेस्टिवल के लिए तैयार किया। प्राचार्य ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है, और भविष्य में भी वे ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। कॉलेज के छात्रों की इस सफलता ने न केवल कॉलेज बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है।

## खबर संक्षेप

### माकपा ने आयोजित की स्मृति सभा

**जींद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माकपा जिला कमेटी ने रविवार को मजदूर भवन, धागा मील कॉलोनी जींद में सीताराम येचुरी व बुद्धदेब भट्टाचार्य की याद में स्मृति सभा की। इसकी अध्यक्षता सीपीआईएम नेता फूल सिंह श्योकंद व संचालन कपूर सिंह ने किया। स्मृति सभा में सीपीआईएम के राज्य सचिव सुरेंद्र सिंह, सीपीआई के नेता प्रेम सिंह, कांग्रेस पार्टी की ओर से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी के मास्टर वजीर गांगोली, तिलकराज मिगलानी, आप पार्टी से वजीर ढांडा आदि ने सीताराम येचुरी व बुद्धदेब भट्टाचार्य को पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### वर्कशॉप का टूटा ताला कीमती उपकरण चोरी

**जींद।** विश्वकर्मा कालोनी में बीती रात चोरों वर्कशॉप का ताला तोड़ कर कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस वर्कशॉप संचालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विश्वकर्मा कालोनी निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कालोनी मे वर्कशॉप है। बीती रात चोरों ने वर्काशॉप का ताला तोड़ कर हैंडकटर, ग्राइंडर, प्रैस राइड, बर्मा मशीन, पंखा समेत अन्य उपकरणों को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला जब वर्कशॉप पर पहुंचा। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोर से कुकर्म के आरोप में तीन नामजद

**कैथल।** ढांड पुलिस ने एक किशोर के साथ कुकर्म करने के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ढांड पुलिस थाना के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव कौल के तीन व्यक्ति टिनू उर्फ जितेंद्र, सुजल तथा मनप्रीत ने 15 अक्टूबर को उसके 14 वर्षीय बेटे के साथ गांव कौल में कुकर्म किया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने बाद में उसके बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर जोगेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राम श्याम मासिक संकीर्तन 22 को

**उचाना।** श्रीराम परिवार चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 22 अक्टूबर को 9वां राम श्याम मासिक संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। शहर की लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला में आयोजित होने वाले संकीर्तन में मुख्य अतिथि के तौर पर बाला जी मंदिर पुजारी दिलबाग भक्त पहुंचेंगे। प्रिंस बजाज पानीपत भजन प्रवाहक के तौर पर पहुचेंगे तो गणेश वंदना भारतेंदू शास्त्री करेंगे। मंच संचालन शिवम गोयल द्वारा किया जाएगा।

### संदिग्ध हालात मे युवती गायब, मामला दर्ज

**जींद।** जुलाना से युवती के गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी 18 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पतियों की लंबी आयु को लेकर दिन भर रखा उपवास

# सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर मनाया करवाचौथ पर्व

- विदेशों में रह रहे पतियों के आनलाइन किए दीदार
- सुहागिनों में एक दूसरे से अच्छी दिखने की होड़ लगी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर में करवा चौथ पर्व के मौके पर अपने पतियों की दीर्घायु की कामना को लेकर पूजा अर्चना करती सुहागिनें।

महिलाओं की आस्था का प्रतीक करवाचौथ पर्व रविवार को जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। पर्व के मौके पर सुहागिनों ने अपने पतियों की लंबी आयु को लेकर सोलह श्रृंगार कर दिन भर उपवास रखा। इस दौरान सुहागिनों ने करवा चौथ की कथा का श्रवण किया। देर शाम चांद के दीदार कर सुहागिनों ने अपने पतियों के दर्शन कर उपवास खोला। इससे पहले दिन भर सुहागिनों में एक दूसरे से अच्छी दिखने की होड़ लगी रही। खास बात तो यह रही कि बहु से अधिक सुंदर दिखने के लिए अधिकांश सास भी दिन भर संजने संवरने में लगी रही।

### -सुहागिनों के लिए करवाचौथ है खास पर्व

शहर के शक्ति नगर निवासी भावना, कमलेश व सुमन आदि का कहना है कि करवाचौथ, सुहागिनों के लिए सबसे खास दिन है। इस पर्व को लेकर महिलाएं कई-कई दिन पहले मेहंदी लगाना और अन्य श्रृंगार का सामान खरीदना शुरु कर देती हैं। करवा चौथ पर्व के अवसर पर महिलाएं अपने को दूसरों से अलग दिखाने के लिए खास मेहनत करती हैं। महिलाओं में इस बात को लेकर होड़ रहती है कि दूसरे से अच्छा कैसे दिखा जाए चाहे इसके लिए कितना भी खर्च क्यों न करना पड़े। खास बात तो यह है कि महिलाओं में यदि नवविवाहितों की बात की जाए तो उनमें कुछ नया ही जोश होता है। नए-नए तरह के मेकअप व अन्य श्रृंगार के सामान से खुद को सजाना काफी अच्छा लगता है।

### करवाचौथ पर्व का अपना ही है एक क्रेज

नवविवाहिता रागिनी व सुहानी ने बताया कि उनका पहला करवाचौथ है तथा इस दिन व्रत रखना उन्हें अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि यह व्रत अपने पति की लंबी आयु के लिए है इसलिए इसका अपना ही क्रेज है। वहीं स्वयं को सजाने-संवारने में जुटी पूनम, स्नेहा व रितिका ने बताया कि यही मौका होता है जब हम अपने को सजाने का हर शौक पूरा करती हैं।

### विज्ञान के युग में इंटरनेट पर किए दर्शन

आजाद नगर निवासी कुसुम, रुपनगर निवासी स्नेहलता व मॉडल टाउन निवासी नितिशा ने बताया कि उनके पति विदेश गए हुए हैं। इसलिए उन्होंने इंटरनेट के माध्यम से उनसे बातचीत की और व्रत के बारे में बताया। व्हाटसएप पर वीडियो कॉल करके उन्होंने अपने पतियों के दर्शन किए और उपवास खोला।

### सप्ताह भर लगी रही सजने संवरने की होड़

करवाचौथ के पर्व को लेकर हर सुहागिन की एक ही चाह होती है कि वह दूसरों से कुछ अलग दिखाई दे। सप्ताह भर से महिलाओं में सजने संवरने की होड़ सी लगी हुई थी। यहां तक कि सास बहू से और बहू सास से अधिक सुंदर दिखने का प्रयास करती रही। खास बात तो यह रही कि बहु से अधिक सुंदर दिखने के लिए अधिकांश सास भी दिन भर संजने संवरने में लगी रही। अपने साजन के प्रति आंखों में हजारों सपने होठों पर सलामति के मंगल गीत गाए और पर्व को उत्सव की भांति मनाया।

# निधि ने जीती मेहंदी प्रतियोगिता

- गुरु नानक खालसा कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन
- प्रतियोगिता का प्रिंसीपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर के गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी पुरस्कार पाने के बाद स्टॉफ सदस्यों से आर्शीवाद लेते हुए।

गुरु नानन खालसा कॉलेज यमुनानगर के महिला सेल ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल के सहयोग से करवा चौथ पर्व के मौके पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

मेहंदी प्रतियोगिता में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा निधि ने प्रथम, सिमरन ने द्वितीय व बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा चांदनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि सांत्वना पुरस्कार बीए प्रथम वर्ष के आशीष को दिया गया। इस दौरान निर्णायक मंडल में डॉ. गुरविंद्र कौर, डॉ. कैथरीन मसीह व डॉ. पायल लांबा ने भूमिका निभाई। कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल विद्यार्थियों को उनकी परंपराओं के करीब लाती है। बल्कि रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक मंच भी प्रदान करती है। मौके पर महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. प्रतिमा शर्मा ने कहा कि हमें ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों पर गर्व है। जिन्होंने मेहंदी के माध्यम से हमारी पारंपरिक कला की सुंदरता का प्रदर्शन किया है।

### घर में घुसकर महिला व बच्चों से की मारपीट

**यमुनानगर।** गांव कोट बसावा सिंह में कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर महिला व बच्चों के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव कोट बसावा सिंह निवासी स्नेहलता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही सुखदेव सिंह व उसके भाई कंवर के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया। मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। इसी रंजिश के चलते सुखदेव व कंवर ने अपने साथियों विंद्र, रणनीया व गगन के साथ उनके घर में घुसकर उस पर तथा उसके बच्चों पर हमला कर दिया।

## ट्रेडिंग में लाभ कमाने के नाम पर ठगे 41 हजार रुपये

**यमुनानगर।** ठगों ने ट्रेडिंग में पैसे लगाकर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर गांव ताजकपुर निवासी अभिषेक से 41 हजार रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव ताजकपुर निवासी अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 सितंबर को उसके मोबाइल पर एक लिंक आया। जब उसने लिंक पर क्लिक किया तो वह टेलीग्राम की एक ऐप से जुड़ गया। इसके बाद उसे ट्रेडिंग कंपनी में पैसा लगाकर अधिक लाभ कमाने का लालच दिया गया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके ट्रेडिंग में पैसा लगा दिया। जिसके बाद आरोपी ठगों ने उसे उसके अकाउंट में पैसे भेज दिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे और पैसे लगाने का झांसा दिया। उसने फिर से आरोपियों के कहने पर 41 हजार रुपये ट्रेडिंग में पैसे लगा दिए। टेलीग्राम में बने उसके अकाउंट में उसे प्रोफिट दिखाई देने लगा। मगर जब वह प्रोफिट के पैसे निकालने लगा तो वह नहीं निकले। उसने आरोपियों से बात कि तो उन्होंने ओर पैसे लगाने की बात कही। मगर उसने ओर पैसे लगाने से मना कर दिया।

## चोरों ने सूने घर से उड़ा ले गए नकदी और आभूषण

**यमुनानगर।** चोरों ने तीर्थ नगर बाड़ी माजरा में सूने घर का ताला तोड़कर 20 हजार रुपये की नकदी, आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार तीर्थ नगर बाड़ी माजरा निवासी बलीराम ने पुलिस को शिकायत में बताया कि शनिवार को दोपहर 12 बजे वह घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। करीब डेढ़ घंटे बाद जब वह वापस लौटा तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 20 हजार रुपये, सोने की बालियां, टोपस, पायल, चांदी के सिक्के, बर्तन व अन्य सामान गायब था।

### बस स्टैंड से भी चोरी

देवी नगर कॉलोनी निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 अक्तूबर को शाम साढ़े चार बजे वह रिश्तेदारी में जाने के लिए यमुनानगर बस स्टैंड पर आया था। उसके पास एक बैग था। जिसमें 19 हजार रुपये, सोने की अंगूठी व बालियां थी। जब अपनी साइड में बैग को रखकर बस का इंतजार कर रहा था। इस दौरान चोरों ने साइड में रखा बैग चोरी कर लिया।

# मौसम में बदलाव के चलते अस्थमा के मरीज बरतें खास ऐहतियात : डॉ. निर्मल

- शिविर में 235 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर ।** आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में अस्थमा के मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

शहर के रादौर मार्ग स्थित निर्मल अस्पताल में रविवार को अस्थमा एवं सांस के रोगियों के लिए मासिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 235 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाईयां वितरित की। मौके पर अस्थमा व दमा के मरीजों को इस बीमारी से बचाव के उपाय भी बताए गए। शिविर का शुभारंभ अस्पताल के अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने रिबन काटकर किया। शिविर में सुबह से क्षेत्र व आसपास के इलाकों के मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी थी। शाम पांच बजे तक शिविर में अस्थमा व सांस के 235 रोगियों की जांच की गई। मौके पर अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि मौसम में बदलाव के चलते अस्थमा व सांस के मरीजों को काफी ऐहतियात बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आजकल मौसम में सुबह शाम गुलाबी ठंड होने लगी है। ऐसे मौसम में इस रोग से पीड़ति मरीजों को जहां हल्का खान-पान करना चाहिए, वहीं सुबह शाम खुले में बाहर निकलने के दौरान कपड़ा ओढ़कर निकलें। मौके पर अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह के नेतृत्व में आधा दर्जन चिकित्सकों की टीम ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। जिनमें अधिकांश को अस्थमाव हृदय रोग से पीड़ित पाया गया।

### तली हुई चींजे न खाएं

अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने मरीजों को सलाह दी कि वह अधिक तलीय व ठंडी चीजें खाने से परहेज करें। बासी खाना भी न खाएं। मौके पर बाल विशोषज्ञों द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच की।

### राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का 27 से

**रादौर।** बालाजी क्रिकेट क्लब हरिपुर की ओर से 20वीं राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन गांव हरिपुर में 27 से 31 अक्टूबर तक करवाया जा रहा है। जिसमें प्रदेश भर से 48 टीमे भाग लेंगी।

क्लब के वरिष्ठ सदस्य विनय कांबोज हरिपुर ने बताया कि विजेता टीम को एक लाख रूपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं उप विजेता टीम को 51 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगिता में मैन ऑफ दी सीरीज के रूप में फोर्ड ट्रैक्टर पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। जबकि पबेस्ट बॉलर व बेस्ट बल्लेबाज को एड्रॉयड फोन भेंट दिए जाएंगे। वहीं, बेस्ट फील्डर को चांदी की चेन दी जाएगी।

# धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र भी जरूरी

- राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जगाधरी ने शहर में किया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** सेक्टर 17 में पथ संचलन करते हुए आरएसएस के स्वयं सेवक।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जगाधरी नगर के तत्वावधान में हुड्डा सेक्टर 17 पार्ट टू में रविवार को विजय दशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर में पथ संचलन किया गया। जिसमें 350 स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

समाजसेवी धीरज लूथरा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जिला संघ चालक डॉ. रमेश धारीवाल, नगर संघ चालक मुल्कराज दुआ व अंबाला के विभाग प्रचारक हरिश चंद्र मंचासीन रहे। अंबाला के विभाग प्रचारक हरिश चंद्र ने कहा कि आज सभी स्वयं सेवक शस्त्र पूजन के लिए एकत्रित हुए हैं। भारतवासी एक हजार साल मुगलों व 300 साल अंग्रेजों के अधीन रहे। जिस कारण हम आत्म केंद्रित हो गए थे। उस समय क्रांतिकारी आजादी की बात करते थे।

डॉ. हेडगेवार को इस बात की चिंता थी कि हम गुलाम क्यों हुए। दुनिया की श्रेष्ठ संस्कृति की अवनती का क्या कारण रहा। देश की एकात्मकता हटने की वजह से हम गुलाम हुए।

हिंदू समाज के स्वाभिमान के लिए डॉ. हेडगेवार ने एकत्रिकरण का काम किया। वर्ष 1925 में हिंदू समाज को संगठित करने का काम शुरू हुआ। जो कि आज भी जारी है।

### मंत्रियों को कराएंगे मांगों से अवगतः डॉ. मल्होत्रा

**यमुनानगर।** रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल एंड टीचर्स एसोसिएशन हरियाणा की रविवार को ऑनलाइन वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा ने की। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आरके अवस्थी ने गत माह रोहतक में आयोजित बैठक के निर्णय सभी के समक्ष रखे। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.अमर सिंह मल्होत्रा ने बताया कि एसोसिएशन पिछले लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर सरकार से अनुरोध करती रही है। लेकिन सरकार की ओर से केवल आश्वासन ही दिए जाते रहे हैं। अब मंत्रियों और अधिकारियों से मिलकर मांगों के बारे में अवगत करवाएंगे।

# सरकार ले रही ऐतिहासिक फैसले

- मुख्यमंत्री को पूर्व मंत्री कंवरपाल ने किया गुलदस्ता भेंट, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल मुख्यमंत्री नायब सैनी को गुलदस्ता भेंटकर बधाई देते हुए

पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की और गुलदस्ता भेंटकर उन्हें प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनने पर बधाई दी। मौके पर पूर्व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली भी उनके साथ मौजूद रहे।

पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ उनकी शिष्टाचार मुलाकात हुई है। यह मुलाकात काफी सौहार्दपूर्ण वातावरण में रही। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली को भाजपा की ऐतिहासिक जीत की बधाई दी और हरियाणा मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों का स्वागत किया। कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ऐतिहासिक फैसले ले रही है। जिसका उदाहरण हरियाणा की वर्तमान सरकार द्वारा पहली कलम से ही लगभग 25 हजार युवाओं को नौकरी देकर ऐतिहासिक कार्य करने से साबित होता है। इसके लिए हरियाणा सरकार बधाई की पात्र है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि केंद्र में एनडीए की मोदी सरकार अच्छा कार्य कर रही है। उसी प्रकार हरियाणा में भी डबल इंजन की सरकारहै। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जन जन की सरकार है। इस अवसर पर भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निश्चल सिंह चौधरी व जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



रादौर में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा।

कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यभार संभालते ही चुनाव में किए गए वादों को पूरा करने का क्रम शुरु कर दिया है। इसका उदाहरण मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बिना पर्ची बिना खर्ची के 25 हजार युवकों को नौकरी देकर इतिहास रचने से साबित होता है।

कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा उक्त शब्द अपनी विधानसभा रादौर क्षेत्र में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कहे। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों की फसलें एमएसपी पर खरीदने के निर्देश जारी किए हैं। इससे जनता के दिल में मुख्यमंत्री नायब सैनी का सम्मान और ज्यादा बढ़ गया है।विधानसभा चुनाव के समय लोगों ने नायब सैनी की ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा पर मोहर लगाई। अब चुनाव के बाद उनके ऐतिहासिक फैसलों के कारण लोग उनके और अधिक कायल हो गए हैं। पहली ही कैबिनेट बैठक में भी उन्होंने ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। अब सभी वादों को पूरा किया जा रहा है। नायब सिंह सैनी पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने सत्ता संभालने से पहले ही अपने वादे पूरे करने शुरू किए हैं। आज हर गांव में युवाओं को नौकरी मिली है।

तिगरा में फसल अवशेष प्रबंधन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

# उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए मिट्टी में दबाएं अवशेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** तिगरा में आयोजित फसल अवशेष प्रबंधन कार्यक्रम में किसानों का मार्ग दर्शन करते वैज्ञानिक।

कृषि विज्ञान केंद्र दामला के तत्वावधान में रविवार को गांव तिगरा में फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में कृषि विज्ञान केंद्र दामला के संयोजक डॉ. संदीप रावल ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता एवं केंद्र के संयोजक डॉ. संदीप रावल ने कहा कि मृदा की उर्वरा शक्ति को बरकरार रखने के लिए हमें सभी फसलों के अवशेषों को जलाने की बजाए मिट्टी में ही मिला देना चाहिए। जिससे हमारी धरती की कार्बन तत्व में बढ़ोतरी हो व मिट्टी बंजर होने से बच सके। इन फसल अवशेषों के सड़ने गलने के उपरांत उनमें उपस्थित पोषक तत्व की पूर्ति अगली फसल के लिए होती रहे और रासायनिक उर्वरकों की खपत में कमी लाई जा सके। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों के जलाने से निकला हुआ धुआं हवा को दूषित कर मानव स्वास्थ्य, भूमि व पर्यावरण स्वास्थ्य पर गहरा असर छोड़ता है। परिणाम स्वरूप जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण व वायु प्रदूषण बढ़ने से जीवो के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है। आंखों में जलन, श्वांस लेने में घुटन, एलर्जी, स्वांस से संबंधित बीमारियां आदि स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव छोड़ते हैं।फसल अवशेष जलाने से मृदा की ऊपरी सतह से पोषक तत्व जलकर नष्ट हो जाते हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के आंकड़ों के अनुसार 10 क्विंटल फसल अवशेष जलाने से मृदा से 5.5 किलो नाइट्रोजन, 2.3 किलो फास्फोरस, 35 किलो पोटाश और 1.2 किलो सल्फर नष्ट हो जाते हैं। वहीं पराली जमीन में मिलाने से लगभग 30 किलोग्राम नाइट्रोजन, 7 किलोग्राम सल्फर, 60.100 किलोग्राम पोटाश तथा 1600 किलोग्राम ऑर्गेनिक कार्बन प्रति एकड़ तक जमीन को प्राप्त हो जाते हैं। जो मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के साथ.साथ किसान को आर्थिक लाभ पहुंचाने का भी कार्य करती है। इसीलिए किसानों को पराली में आग नहीं लगानी चाहिए।

**खबर संक्षेप**



## रूस, यूक्रेन से आए भक्तों ने किया भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** तीन दिवसीय यात्रा में श्रद्धालुओं ने ब्रह्म सरोवर, ज्योतिसर, अभिमन्युपुर, इस्कॉन मंदिर, भीष्म कुंड, इत्यादि तीर्थों का भ्रमण किया। विदेशी श्रद्धालुओं द्वारा ज्योतिसर तीर्थ पर भगवत गीता के पाठ के साथ यज्ञ भी किया गया। इस्कॉन के कुरुक्षेत्र टूरिज्म प्रोजेक्ट के अंतर्गत आए ये श्रद्धालु विशेषकर रूस, यूक्रेन, अजरबैजान, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान देश के है। धर्मनगरी के दर्शन कर सभी श्रद्धालु बहुत प्रभावित हुए।

## गांव अमीन में आयोजित हुआ सम्मान समारोह



**कुरुक्षेत्र।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के चीफ मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने कहा कि भाजपा की हैट्रिक का आधार सुशासन, मिशन मेरिट और अंत्योदय उत्थान है। मनोहर मॉडल का भी भाजपा सरकार तीसरी बार बनाने में विशेष योगदान रहा है। अब मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मनोहर नीतियों को आगे बढ़ाने का जो संकल्प लिया है, वह सराहनीय कदम है। दूसरे प्रदेशों के मुख्यमंत्री भी मनोहर मॉडल का अनुसरण कर रहे हैं। सुदेश कटारिया गांव अमीन और सेक्टर-8 स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

## मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत दिया जा रहा ऋण

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त राजेश जोगपाल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से मातृशक्ति उद्यमिता योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपये तक ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश सरकार द्वारा मातृशक्ति उद्यमिता योजना हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत 5 लाख रुपए से कम वार्षिक आय तथा हरियाणा की स्थाई निवासी महिला योजना के लिए पात्र होंगी।

## वात्सल्य वाटिका में मासिक यज्ञ आयोजित

**थानेसर।** ब्रह्मा कॉलोनी स्थित वात्सल्य वाटिका श्रीशिव शक्ति आश्रम में रविवार को मासिक यज्ञ का आयोजन किया गया। आश्रम संस्थापक एवं संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक के सान्निध्य में मुख्यमंत्री हरियाणा के कुरुक्षेत्र कार्यालय प्रभारी कैलाश चंद सैनी मुख्य यजमान रहे। कार्यक्रम में एन आई टी के प्रो. डॉ.सत हंस,जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कृष्ण पांचाल, समाज सेविका सरिता सैनी व लाभ सिंह आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### बुजुर्ग महिलाओं के बीच बैठकर सुनी कथा और चांद को दिया अर्घ्य

# सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए रखा करवाचौथ का व्रत

चौथ माता की विधि विधान से पूजा-अर्चना की और पति के दीर्घ जीवन व खुद के अखंड सौभाग्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर रविवार को सर्वार्थ सिद्धि योग में सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला करवा चौथ का व्रत रखा। पूरे दिन व्रत रखने के बाद शाम को सोलह श्रृंगार रचा व्रती महिलाओं ने घर या मोहल्ले, कालोनी की बुजुर्ग महिलाओं के बीच बैठकर करवा चौथ की कथा सुनी और चौथ माता की विधि विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा में सुहागिनों ने पति के दीर्घ जीवन और खुद के अखंड सौभाग्य की कामना की। इसके बाद चंद्रदेव को अर्घ्य देकर चलनी से पति का दीदार कर उपवास तोड़ा। नव विवाहिताओं ने चंद्र दर्शन के बाद पति के हाथ से पानी पीकर व्रत पूरा किया। पर्व को लेकर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह रहा। पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखा। शाम के समय करवा चौथ की कथा सुनी। इसके बाद महिलाओं ने चांद निकलने का इंतजार किया। सजी-धजी महिलाएं शाम होने के साथ-साथ पूजा की तैयारियों में भी जुटी रहीं। आसमान में चांद का दीदार होते ही सुहागिन महिलाएं पूजा की थाली लेकर अपने घरों की छत पर पहुंचीं। इसके बाद महिलाओं ने विधि विधान से चंद्रमा के साथ शिव-पार्वती, गणेश और कार्तिकेय भगवान की पूजा अर्चना के बाद छलनी से पति का चेहरा देखा और पति के हाथों से पानी पीकर अपना उपवास पूरा किया।





कुरुक्षेत्र। करवा चौथ की कथा सुनती महिलाएं व शाहबाद। करवा चौथ की कथा सुनती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### बाजारों में दिनभर रही चहल-पहल

रविवार को करवा चौथ का त्योहार परंपरागत तरीके से श्रद्धापूर्वक मनाया गया। पतियों की लंबी आयु के लिए रखा जाने वाले करवा चौथ के त्योहार की तैयारी में सुहागिन कई दिन पूर्व से जुट जाती हैं। रविवार को करवा चौथ के दिन सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा और आस पड़ोस की महिलाओं के साथ सामूहिक रूप से एकत्र होकर करवा चौथ कथा सुनकर पतियों की दीर्घायु होने की कामना की। जिला के उपमंडल पिहोवा, शाहबाद, लाडवा व थानेसर में करवा चौथ का त्योहार परंपरागत तरीके से श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। त्योहार के मद्देनजर बाजारों में दिनभर भीड़ उमड़ी से चहल-पहल रही।

### पतियों ने दिए उपहार

इस दौरान पतियों ने भी कई जगह अपनी पत्नियों को उपहार भेंट कर आजीवन साथ निभाने की कसमें खाईं। व्रती महिलाओं ने बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लिया। जिन महिलाओं के पति उनसे दूर थे, उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये वीडियो कॉलिंग कर उनके दर्शन किए और व्रत खोला। फेसबुक व व्हाटसएप पर करवाचौथ की बधाई देने का सिलसिला भी दिनभर चलता रहा। महिलाओं ने पर्व पर हाथों में मेहंदी लगवाई। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में भी पर्व का रंग चटख रहा। करवा चौथ व्रत के दौरान सुहागिन महिलाओं ने रात में छलनी में चांद का दर्शन करने के उपरांत पति का दीदार किया।

### बड़ी उम्र की महिलाओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया

**शाहबाद।** करवा चौथ के मौके पर महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखा। सभी सुहागिन महिलाएं दुल्हन की तरह सिंगार करके तैयार हुई महिलाओं ने अपने हाथों पर अपने पति के नाम की मेहंदी लगवाई। पूरा दिन ब्यूटी पार्लरों पर महिलाएं तैयार होने के लिए और सिंगार करवाने के लिए विशेष रूप से पहुंची। पूरा दिन व्रत करने के उपरांत शाम को सभी महिलाएं नगर के अलग-अलग हिस्सों में मंदिरों में एकत्रित हुई और फल फ्रूट मिठाइयों से थाली सजाकर एक दूसरे को भेंट की और अपने से बड़ी उम्र की महिलाओं के चरण स्पर्श करके सदा सुहागन होने काआशीर्वाद लिया। गोपी विहार नगली वाली कुटिया में महिलाओं ने एकत्रित होकर कुटिया की बाईं जी से करवा चौथ की कथा सुनी और रात को चंद्रमा को अर्ध देखकर अपने पति के दीदार करके व्रत का समापन कर रात को भोजन ग्रहण किया। नगर के कई रेस्टोरेंटों में रात के समय खाना खाने पहुंचे पति-पत्नियों की भीड़ देखी गई।

## कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : अरोड़ा



कुरुक्षेत्र। थानेसर के नवनिर्वाचित कांग्रेसी विधायक अशोक अरोड़ा पंजाबी धर्मशाला में कार्यकर्ता की बैठक को संबोधित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

थानेसर से कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक अशोक अरोड़ा ने अपनी जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा कि जिन विपरीत परिस्थितियों में कार्यकर्ताओं ने जी-तोड़ मेहनत करके कांग्रेस को विजय दिलवाई है, उसके लिए वे कार्यकर्ताओं को सैल्यूट करते हैं। अशोक अरोड़ा पंजाबी धर्मशाला में हल्का थानेसर के कार्यकर्ताओं का आभार जताने के लिए बुलाई बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनादेश को चोरी किया है। पूरे प्रदेश में और थानेसर हल्के में कांग्रेस की लहर चल रही थी, परंतु अप्रत्याशित चुनाव नतीजे आने से सारी जनता हैरान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने ईवीएम में सेटिंग करके जनादेश को चोरी किया है। चुनाव से कुछ दिन पहले बाहरी गुंडे वाहनों के काफिले में लोगों को धमकाते घूमते रहे, पुलिस मूकदर्शक बनी रही। जिस प्रकार से मनीष रोड की टांगे सरेआम तोड़ दी गई, उससे दुखद घटना कोई हो नहीं सकती, लेकिन पुलिस ने आज तक आरोपियों को गिरफ्तार तक नहीं किया।

### डीएपी खाद के लिए मारे मारे घूम रहे हैं किसान

विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि स्वयं को किसान हितैषी बताने वाली भाजपा सरकार के राज में डीएपी खाद की बड़ी कमी है। गेहूँ की बिजाई का सीजन शुरू हो चुका है। किसान डीएपी लेने के लिए मारे मारे फिर रहे हैं। उन्हें ब्लैक में खाद खरीदनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि गेहू बिजाई के सीजन को देखते हुए सरकार को डीएपी का पहले इंतजाम करना चाहिए था, लेकिन भाजपा सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है।

### महिलाओं को सुनाई करवा चौथ की कथा



**शाहबाद।** कार्तिक मास के मौके पर नगर के माता बाला सुंदरी मंदिर में चल रही कथा के तीसरे दिन कुरुक्षेत्र से पधारे कथावाचक राजेंद्र पाराशर ने करवा चौथ के मौके पर बताया कि एक साहूकार के सात लड़के और एक लड़की थी। सात भाइयों की एक बहन थी । गणेश चतुर्थी के मौके पर करवा ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत किया हुआ था। शाम को जब चंद्रमा उदय होने में अभी समय था। सातों भाइयों ने एक कृत्रिम उपाय से चंद्रमा का दीदार करवा कर अपनी बहन का व्रत खुलवा दिया। बिना चांद के दीदार किया व्रत खोलने से उसके पति की मृत्यु हो गई। उसी समय वहां से भगवान शिव और पार्वती निकल रहे थे। माता पार्वती ने करवा को बताया कि वह अगले साल आने वाले करवे पर विधि पूर्वक व्रत करें तो उसका पति जीवित हो जाएगा।

## 15वें दिवाली मेले में डीजे किंग अजय हुड्डा ने बांधा समां

- रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

लाडवा की शिवाला रामकुण्डी में रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब की ओर से मुख्य प्रायोजक स्टडी एम्पायर और अन्य सहयोगियों मिगलानी स्वीट्स, जीआरएम फूड्स व बालाजी कम्प्यूटस के सहयोग से 15वां विशाल दिवाली मेला लगाया गया। पूर्व प्रधान अमित सिंघल ने बताया कि 15वां विशाल दिवाली मेले में विभिन्न प्रकार की स्टाल लगाई गई व बच्चों के लिए डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर ग्रुप डांस प्रतियोगिता में जे आर डी क्रू फरीदाबाद विजेता रहा व साईंग्रेस इंटरनेशनल स्कूल ने रनर अप ट्रॉफी हासिल की। वहीं सीनियर ग्रुप डांस में आर रोर क्रू फरीदाबाद ने विजेता व मयंक चंचल ग्रुप ने रनर अप ट्रॉफी जीती। डांस प्रतियोगिता के पश्चात सुप्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार डीजे किंग अजय हुड्डा ने अपने हरियाणवी ग्रुप के साथ कल्लो, कौन कहै बहु काले की, म्हारी गाल में एक पटोला तू, छम छम बोले के बोले तेरी तागड़ी व लाम्बा लाम्बा घूंघट जैसे हरियाणवी गानों पर प्रस्तुति से समां बोंधा तो लोग थिरकने पर मजबूर हो गए। रोटरी की ओर से आयोजित 15वे दिवाली मेले में स्टडी एम्पायर के निदेशक अंकित पंजेटा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वहीं समाजसेवी राजेश मिगलानी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की व नगरपालिका के पूर्व प्रधान नरेन्द्र सिंघल व मुख्यमंत्री प्रतिनिधि कैलाश सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।



लाडवा। दिवाली मेले में गाने गाकर समां बांधते डीजे किंग अजय हुड्डा।

## श्रीधन्ना भगत स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी के जगतार प्रधान व सूरजभान बने महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- जगतार काजल के पैनल ने मारी बाजी, सभी उम्मीदवार हुए विजेता

श्रीधन्ना भगत पब्लिक स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी के हुए चुनाव में जगतार काजल प्रधान और सूरजभान किरमच महासचिव चुने गए। श्रीधन्ना भगत पब्लिक स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी का चुनाव रिटर्निंग ऑफिसर कर्नल राजकुमार मलिक की दखरेख में सम्पन्न हुआ। चुनाव लड़ने वाले दो पैनल थे जिसमें एक पैनल जगतार काजल का था और दूसरा पैनल वेदप्रकाश का था। दोनों पैनलों के उम्मीदवारों ने प्रधान, उप प्रधान,महासचिव, सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों पर चुनाव लड़ा। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बीच मुकाबला रोचक रहा जिसमें जगतार काजल ने अपने प्रतिद्वंदी वेदप्रकाश को 31 वोटों से हरा कर प्रधान पद पर विजय हासिल की। टेकचंद ने अपने प्रतिद्वंदी सुरेश कुमार को 23 वोटों से हराकर उप प्रधान पद पर विजय प्राप्त की। सूरजभान किरमच ने अपने प्रतिद्वंदी दलबीर सिंह को 3 वोट से हराकर महासचिव पद पर जीत हासिल की। बलदेव सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी रोशन लाल को 11 वोटों से हराकर संयुक्त सचिव के पद पर जीत दर्ज की। दलबीर सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी हवा सिंह नैन को 23 वोटों से हरा कर कोषाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की।



## हरियाणा रोडवेज में पक्की भर्ती करके बेड़ा मजबूत किया जाए : यूनियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा रोडवेज जागृति मंच रजि. की मीटिंग यूनियन कार्यालय में राज्य महासचिव राजबीर सैनी की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन डिपो प्रधान नरेश सैनी और डिपो सचिव प्रदीप जांगड़ा ने किया। यूनियन के सभी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से नायब सिंह सैनी को दोबारा हरियाणा प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हरियाणा के लगभग 25 हजार युवाओं को पक्की नौकरी देकर प्रदेश के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया है, इसके लिए भी वे मुख्यमंत्री का हार्दिक धन्यवाद करते हैं। उन्होंने मांग की कि हरियाणा रोडवेज विभाग में भी पक्की भर्ती करके और नई बसों को विभाग में शामिल करके विभाग का बेड़ा मजबूत किया जाए । राज्य महासचिव राजबीर सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से अनुरोध किया कि हरियाणा रोडवेज जागृति मंच द्वारा पूर्व में दिए मांग पत्र की सभी 6 मांगों पर सरकार सकारात्मक कार्यवाही करे और हरियाणा राज्य परिवहन में कार्यरत चालक-परिचालक कर्मचारियों को उनके देय लाभों से लाभान्वित करे।



## मेहंदी प्रतियोगिता में अंकिता रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उदयन केयर आईटी सेंटर ने करवा चौथ पर शानदार मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. सुषमा शर्मा, संयोजिका उदयन केयर संस्था कुरुक्षेत्र और प्रोफेसर सुनीता सरोहा, अंग्रेजी विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पधारीं। डॉ. सुषमा शर्मा ने छात्राओं को मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा को उजागर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि मेहंदी, जिसे हिना के नाम से भी जाना जाता है, सकारात्मक भावनाओं और सौभाग्य का प्रतीक है। यह प्रतियोगिता पारंपरिक मूल्यों के विकास के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें छात्राओं ने अपने हाथों पर कलात्मक डिजाइन प्रदर्शित किए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं ने उत्साहपूर्वक मेहंदी लगाई, जिससे उनकी रचनात्मकता और ड्राइंग कौशल का प्रदर्शन हुआ। प्रतियोगिता में आईटी छात्रा एकता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रिमिका ने द्वितीय और राधिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। शालिनियों में अंकिता बैच 18 ने प्रथम स्थान, रितु बैच 19 ने द्वितीय स्थान और छवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, ज्योतिका बैच 16 को कंसोलेशन प्राइज से सम्मानित किया गया। सभी विजेताओं को डॉ. सुषमा शर्मा द्वारा आकर्षक पुरस्कार और नकद राशि दी गई।



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए शास्त्री नगर पार्क में पौधे किए रोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पर्यावरण संरक्षण के लिए रविवार की सुबह शास्त्री नगर पार्क में पौधरोपण किया और पौधों के संरक्षण के संकल्प लिया। शहर की वाह फाउंडेशन ने शहर को हरा भरा बनाने की मुहिम शुरू की है। इसी के तहत वाह फांउडेशन की टीम ने शास्त्री नगर निवाससियों के सहयोग से रविवार की सुबह पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वाह फाउंडेशन की पहल पर पर्यावरण संतुलन के लिए लोग अब जागरुक हो रहे हैं। वहीं कुछ लोग पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधा रोपण करके दूसरों को भी प्रेरित कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार की सुबह गुलाब के पौधे लगाए गए। वाह फाउंडेशन के अध्यक्ष जसबीर ने कहा कि हम लगातार पेड़ों को काट रहे हैं, लेनिक पौधे नहीं लगाते हैं। इसी का नतीजा है कि पर्यावरण प्रभावित हुआ है, जिसका खामियाजा आज हमें भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में सभी को कम से कम एक पौधा लगाना जरूरी है। पौधे लगाकर ही प्रकृति से हम जुड़े रह सकते हैं।





कुरुक्षेत्र। करवा चौथ पर्व कार्यक्रम में भाग लेती अग्रवाल समाज की महिलाएं।

## अग्रवाल सभा सेक्टर 5 ने मनाया करवा चौथ पर्व

**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल सभा सेक्टर 5 द्वारा पहली बार करवा चौथ का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। करवा चौथ पर्व पर महिलाएं पिपली रोड स्थित ग्रैंड एरेना के हाल में पहुंची। महिलाएं श्रृंगार कर कार्यक्रम में पहुंची। महिलाओं ने करवा चौथ पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में नाच गाकर खुशी व्यक्त की। इसके साथ ही महिलाओं द्वारा करवा चौथ की महता को बताया गया। वहीं इसके अलावा मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन की आरती से किया गया। करवा चौथ मनाने के लिए बनाई गई आगेर्नाइजिंग कमेटी की महिलाओं ने कार्यक्रम में पहुंची सभी महिलाओं का स्वागत किया। अग्रवाल समाज सेक्टर पांच द्वारा पहली बार करवाए गए करवा चौथ के पर्व को लेकर अग्रवाल समाज की महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। महिलाएं पूरे जोश उत्साह के साथ करवा चौथ के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंची। करवा चौथ पर्व की मुख्यातिथि देवसीकाप्स एवन कंपनी की को एंड कोफाउंडर स्वाति गुप्ता रही। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंची सभी महिलाओं को करवा चौथ की बधाई दी।कार्यक्रम की आगेर्नाइजिंग कमेटी की सदस्य सुनीला गुप्ता, दिव्या गुप्ता, अनु गर्ग, मीनाक्षी गर्ग, शिल्पा मित्तल, सिम्मी गोयल और गार्गी गोयल ने कार्यक्रम में पहुंची सभी महिलाओं को करवा चौथ की बधाई दी।

**धर्म-कर्म** मानव जाति को गुरु साहिब से प्रेरित होकर करनी चाहिए भक्ति व सेवा

## श्रीगुरु रामदास साहिब जी का जीवन भक्ति व सेवा भाव से रहा परिपूर्ण : बाबा बंता

- कनिष्ठ उपप्रधान व मैंबर साहिबान ने बाबा बंता सिंह का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धन-धन श्री गुरु रामदास साहिब जी महाराज का जीवन प्रेरणादायक है और मानव जाति को उनसे प्रेरित होकर भक्ति व सेवा करनी चाहिए। सेवा से बड़ी कोई भावना नहीं है, इससे अपने जीवन में तो व्यक्ति पुण्य कमाता है, वहीं दूसरों की जिंदगी में भी सुखमय पल ला सकता है। यह विचार पंथ प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक बाबा बंता सिंह (मुंडा पिंड) संप्रदाय बाबा बिंदी चंद जी ने प्रकट किए। वे कुरुक्षेत्र में सुशोभित ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में श्री गुरु रामदास साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा करवाए गए महान गुरमत समागम में संगत का मार्गदर्शन कर रहे थे। यह समागम संस्था के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध के दिशा-निर्देश पर करवाया गया। इससे पहले यहां पहुंचने पर हरियाणा कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर, प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना, कार्यकारिणी समिति मैंबर परमजीत सिंह मक्कड़, मैंबर राजिंदर सिंह, हरविंदर सिह बिंदू व इंदरजीत सिंह वासूदेवा, नरेंद्र सिंह गिल, मैनेजर हरमीत सिंह, नॉनी मक्कड़, दिलबाग सिंह ने बाबा बंता सिंह का स्वागत किया। संगत को नितनेम करने व गुरबाणी की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए बाबा बंता सिंह ने कहा कि अकाल पुरख सर्वोपरि है, वे हर कठिनाई का समाधान कर सकते हैं और वे ही हर प्राणी का जीवन सुखमय बना सकते हैं। गुरबाणी सिमरन अर्थात प्रभु का नाम ही प्राणी को मोक्ष दिलाता है। उन्होंने कहा कि हम सब को अपने जीवन में नाम सिमरन जरुर करना चाहिए और अपने बच्चों को भी गुरबाणी से जोड़ते हुए नितनेम करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने गौरवमयी गुरु इतिहास का ज्ञान बच्चों को देना चाहिए। इसके उपरांत बाबा बंता सिंह को हरियाणा कमेटी के पदाधिकारियों ने सिरोपा व श्री साहिब भेंट कर उनका सम्मान भी किया। समागम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने संस्था द्वारा धन-धन श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब बाला प्रीतम जी के गुरता गद्दी दिवस को समर्पित करवाए जा रहे समागम का निमंत्रण भी संगत को दिया। उन्होंने बताया कि यह वार्षिक धार्मिक समागम गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब पातशाही ऑठवीं में 23 से 25 अक्तूबर तक करवाया जाएगा, जिसमें पंथ के रागी, ढाडी व कविशरी जत्थे संगत को गुरु इतिहास से जोडेंगें। इसके उपरांत देर सायं 7 बजे से लेकर 10 तक भी दीवान सजाए जाएंगें। उन्होंने बताया कि समागम के दौरान गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी ज्ञानी बूटा सिंह, कथावाचक भाई रणजीत सिंह, ढाडी जत्था भाई लखविंदर सिंह पारस व भाई जसवंत सिंह बढाना, पंथ प्रसिद्ध भाई अमनदीप सिंह बीबी कोलां जी वाले तथा भाई गुरप्रीत सिंह शिमला वाले संगत को गुरु इतिहास से जोड़ेंगे।





कुरुक्षेत्र। समागम में कथा के दौरान संगत का मार्गदर्शन करते अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक बाबा बंता सिंह व समागम में शिरकत करती संगत।

## खबर संक्षेप

### चाणक्य स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी मेहंदी लगाने की कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा नौ से 12 वीं की छात्राओं ने भाग लिया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। प्रधानाचार्या रीतु अत्री ने कहा प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुडऩे का अवसर प्रदान करना है।

### यसमीन ने रिले रेस में कांस्य पदक जीता

**राजौंद।** अमर पब्लिक स्कूल किठाना की विद्यार्थी यसमीन ने रिले रेस में राज्य स्तर पर कांस्य पदक जीता। प्रधानाचार्या प्रियंका व प्रबंधक सरोज ढांडा ने विद्यार्थी का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया। स्कूल प्रधानाचार्य ने बताया कि रोहतक में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया था जिसमें उनके स्कूल की विद्यार्थी यशमीन ने रिले रेस में तीसरा स्थान लेकर स्कूल का नाम रोशन किया।

### चंडीगढ़ जा रही ट्रेन से महिला का हैंडबैग चोरी

**जींद।** जयपुर से चंडीगढ़ जा रही महिला का नरवाना स्टेशन से आगे ट्रेन में किसी ने हैंडबैग चोरी कर लिया। हैंडबैग में सोने का मंगलसूत्र था। पंचकूला निवासी अखिलेश कुमारी ने कहा कि नौ अक्टूबर को वह अपने परिवार के साथ ट्रेन नंबर 19411 में जयपुर से चंडीगढ़ आ रही थी। जब ट्रेन नरवाना से चली तो उसका हैंडबैग किसी अज्ञात व्यकित ने चुरा लिया है। जिसमें सोने का मंगलसूत्र भी था।

### युवती का यौन शोषण पांच नामजद किए

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में तीन महिलाओं सहित पांच व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। करनाल की एक युवती ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी कैथल के सचिन रोहिल्ला के साथ जान पहचान थी। आरोप है कि सचिन ने उसे शादी के झांसा देकर 25 अप्रैल 2022 को उसके साथ कैथल के आइलवयू कैफे में दुष्कर्म किया।

## एसडी कॉलेज में यूथ फेस्टिवल का समापन, कैबिनेट मंत्री ने की शिरकत

# ध्येय पर चलने वाले व्यक्ति को ही मिलती है मंजिल : अनिल विज

- एसडी कॉलेज के विद्यार्थी रह चुके हैं कैबिनेट मंत्री विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि बिना ध्येय के चलने वाला आदमी कहीं नहीं पहुंचता। जो ध्येय के साथ चलता है वह मंजिल तक पहुंचता है। जितने भी शिक्षण संस्थान है इनका मकसद देश के लिए अच्छे, काबिल व संस्कारिक नागरिकों का निर्माण करना है। जब ऐसा होगा उस देश का मुकाबला कोई नहीं कर सकेगा। विज शाम को अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज में 47वें जोनल यूथ फेस्टिवल में बतौर मुख्यतिथि संबोधन दे रहे थे। विज ने कहा कि जोनल यूथ फेस्टिवल में विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यों का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्हें देश भक्ति और राष्ट्र के अनुरूप कार्यक्रम भी करने चाहिए।



अंबाला। यूथ फेस्टिवल में पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल विज हिस्सेदारी करते हुए।

उन्होंने कहा कि डांस डिस्को में भी होता है और सांस्कृतिक भी होता है। विचार व शक्तियां दोनों है मगर चुनना हमने है कि हम किसको चुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस यूथ फेस्टिवल में आकर उन्हें काफी खुशी महसूस हो रही है। उनके समय कालेज में यूथ फेस्टिवल होते थे तो वह इन्हें चाव से देखते थे। उन्होंने कहा कि यूथ फेस्टिवल में युवाओं को भाग लेना चाहिए और यह भी काफी जरूरी है। इस दौरान विज कार्यक्रम का आयोजन कर रहे एसडी कॉलेज को अपनी मंत्री कोटे की पहली ग्रांट से 10 लाख रुपए देने की भी घोषणा की। इससे पहले एसडी कालेज में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज का कॉलेज प्रिंसिपल राजिंद्र राणा, प्रो. नवीन गुलाटी, नील इंद्रजीत संधु, प्रिंसिपल अनुपमा आर्य व अन्य ने स्वागत किया।

विद्यार्थियों ने कई कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जिनकी विज ने सराहना की। कॉलेज प्रबंधन समिति की ओर से मंत्री अनिल विज को पगड़ी पहनाकर व शॉल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। विज ने कहा कि प्रदेश में चुनाव संपन्न हुए हैं। चुनाव के दौरान बहुत व्यस्त कार्यक्रम रहा और इसके उपरांत उन्हें जब एसडी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में आने का निमंत्रण मिला तो उनकी खुशी की सीमा नहीं थी। उन्होंने कहा कि वह इसी कालेज के विद्यार्थी रहे हैं और जब भी वह इस कालेज में आते हैं तो ऐसे लगता है कि मानों समय रुक गया हो। उनकी आंखों के सामने 1968 का दृश्य चलने लगता है जब स्कूल से पास होने पर उनकी मां एसडी कॉलेज में एडमिशन कराने के लिए उन्हें लेकर आई थी। उनका तब नॉन-मेडिकल में एडमिशन कराया गया। वह जो भी हैं वह इसी कॉलेज की वजह से हूं। इसी कॉलेज में वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में शामिल हुए और महासचिव भी बने। इस बार जब वह सातवीं बार चुनाव जीते तो नतीजा निकलने पर सबसे पहले उन्हें एसडी कॉलेज के उनके उस समय के प्रोफेसर गोपाल किशन का फोन आया जिन्होंने उन्हें बधाई दी। विज ने कहा कि हम जब आजाद हुए तब प्रजातांत्रिक व्यवस्था को स्वीकार किया। हमें कई वर्षों की गुलामी के बाद आजादी का दिन देखने को नसीब हो रहा था। आजादी के लिए भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव सिंह, नेता जी सुभाष चंद्र बोस व अनेकों सैनिक शहीद हुए। उन्होंने कहा कि वह सातवीं बार छावनी से विधायक बने हैं। वह छावनी के निवासियों को सेल्यूट करते हैं जिन्होंने उन्हें विधायक बनाया।

# छावनी की राधिका बनी जज न्यायिक परीक्षा में 50वीं रैंक



अंबाला। परिजनों का मुंह मीठा करवाती एडवोकेट राधिका सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट की रहने वाली एडवोकेट राधिका सिंह ने हरियाणा सिविल सर्विस (न्यायिक) परीक्षा में 50वीं रैंक हासिल की है। राधिका मूल रूप से करनाल की रहने वाली हैं। उनकी शादी अंबाला कैंट में नवंबर 2023 में हुई थी। राधिका प्रतिष्ठित वकीलों के परिवार से है। उनकी सफलता की यात्रा विशेष रूप से प्रेरणादायक रही है। राधिका दो बार इंटरव्यू में असफल हुई थी। इसके बाद तीसरे चांस में उन्होंने सफलता हासिल की। वर्तमान में सहायक जिला अटॉर्नी (एडीए) के रूप में कार्यरत राधिका अपनी सफलता का श्रेय अपने दृढ़ संकल्प और अपने परिवार व दोस्तों के अटूट समर्थन को देती हैं। राधिका ने कहा कि कड़ी मेहनत और निरंतरता सफलता की कुंजी है। पिता राकेश कुमार व मां सुनीता पति, जसकरन सिंह और पूरे परिवार में मेरे ससुर राजबरिंद्र सिंह व सास हरप्रीत कौर और दोस्तों ने मेरी पूरी यात्रा में मेरा समर्थन और मार्गदर्शन किया है। राधिका ने कहा कि उनकी उपलब्धि उनके परिवार और कानूनी समुदाय के लिए गर्व का स्त्रोत है क्योंकि वह सिविल जज सह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के रूप में अपनी नई भूमिका शुरू कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले वह पायलट भी रह चुकी हैं लेकिन उनका सपना था जज बनने का था जिसे उन्होंने हासिल कर लिया है। इसके लिए मेरे मायके व ससुसराल के परिवार से मुझे भरपूर सहयोग मिला जिसके कारण मुझे ये सफलता मिल पाई।

# मशरूम की पैदावार व कंपोस्ट यूनिट पर किसानों को मिलेगा 40 फीसदी अनुदान

- बागवानी की लाभकारी फसलों के प्रति प्रोत्साहित करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने व उन्हें पारंपरिक खेती से बागवानी की लाभकारी फसलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न फसलों पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के किसानों को मशरूम प्रोडक्शन व कंपोस्ट यूनिट लगाने पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है।

उपायुक्त ने कहा कि मशरूम के गुणकारी लाभों के चलते बाजार में इसकी मांग में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। किसानों में इसकी खेती की सही जानकारी के अभाव में यह बाजार में अधिक मात्रा में उपलब्ध नहीं होता। जबकि बाजार में इसकी मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला के किसान फसल विविधीकरण के तहत इसकी खेती को अपनाकर बाजार से अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। उद्यान विभाग हरियाणा द्वारा विभागीय स्कीम के तहत जिला में एक मशरूम कंपोस्ट व एक मशरूम प्रोडक्शन यूनिट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों यूनिट की अधिकतम यूनिट कोस्ट 20 लाख निर्धारित की गई है। जिसमें 40 प्रतिशत राशि अनुदान स्वरूप दी जाएगी। इसके साथ साथ जिला में नेट हाउस/पॉलीहाउस के लिए 4000 स्क्वायर मीटर का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 50 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में दी जाएगी। इसके साथ ही राइपिंग चैंबर के लिए 300 एमटी का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमें 35 प्रतिशत राशि का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 20 एचपी तक की क्षमता के एक ट्रैक्टर पर 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार 35 एचपी की क्षमता वाले ट्रैक्टर माउंटेड स्प्रे के एक ट्रैक्टर पर भी 40 से 50 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। वहीं जिला में एक पैक हाउस व प्याज भंडारण कक्ष के लिए 50 प्रतिशत तक व पॉवर टिलर पर 40 से 50 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुदान योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अनुदान राशि विभागीय गाइड लाइन अनुसार ही दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान किसी भी कार्य दिवस पर जिला उद्यान अधिकारी एवं उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# तुम राधे बनो श्याम.. की प्रस्तुति पर झूमे श्रोता

- संगीत सम्मेलन में शास्त्री गायक मनीषा बैनर्जी ने बिखेरा अपनी मखमली आवाज का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जीएमएन कॉलेज के सभागार में रविवार को शास्त्रीय संगीत को समर्पित संस्था संगीतालोक द्वारा संगीत जगत के अनुपम सितारे गुरु गणेश प्रसाद शर्मा एवं उनके शिष्य स्व पंडित प्रदीप चटर्जी को समर्पित 55वें वार्षिक संगीत सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जानी मानी शास्त्रीय गायक मनीषा बनर्जी के मधुर गायन से हुआ जिसमें उन्होंने राग बिहाग में गुरु गणेश प्रसाद शर्मा की दो बंदिशों का गायन किया।

उन्होंने अपनी सधी हुई सुरीली आवाज़ में राग पीजू में /"तुम राधे बनो श्याम/" की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस शानदार प्रस्तुति में हारमोनियम पर डॉ. अलंकार सिंह,




अंबाला। कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति देते गायक।

तबले पर नरेंद्रपाल सिंह एवं तानपुरे पर हरलीन कौर एवं दामिनी शर्मा रहीं। तत्पश्चात कोलकाता से आए सरोद वादक इंद्रयुद्ध मजूमदार ने प्रारंभ से राग दुर्गा में आलाप एवं जोड़ से लेकर अंत में झपताल में वादन प्रस्तुत करते हुए समां को बांध दिया। साथ ही पंजाब घराने के विख्यात तबला वादक जयदेव ने अपने तबले की ताल पर सभागार में मौजूद सभी संगीतप्रेमियों को ताल पर झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इसके बाद संगीत नाटक अकादमी द्वारा उस्ताद बिस्मिल्लाह खान अवॉर्ड द्वारा सम्मानित पूणे की जानी मानी शास्त्रीय गायक रुचिरा केदार ने राग जोगकोंस में गायन प्रस्तुति दे अपनी सांगीतिक परिपक्वता का परिचय दिया।

अंत में उपशास्त्रीय बंदिशों के गायन से सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। राजेंद्र प्रसाद बनर्जी ने हारमोनियम पर इनका साथ दिया। डॉ. मधु भटनागर ने सफल मंच संचालन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने कहा कि संगीतलोक जैसी संस्था भारतीय कला संस्कृति को संजोने में बहुत ही निष्ठा से कार्यरत हैं!

जीएमएन कॉलेज हमेशा से ही संगीत एवं कला को समर्पित इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन में अग्रणी रहा है और भारतीय संगीत एवं संस्कृति को बढ़ावा देने में अपना योगदान देता रहा है और भविष्य में भी देता रहेगा। इस अवसर पर संगीतलोक के अध्यक्ष सोमदेव, सचिव आशावंत सहित अन्य सदस्य जैसे कि सविता बजाज, डॉ. पुष्पा शर्मा, राजेश शर्मा, राहुल, सुखदीप सिंह, निधि नारंग, जान चौरसिया, नैन कंवर एवं पंजाब घराने के विख्यात तबला वादक पंडित सुशील कुमार जैन के साथ कईं जाने माने संगीतज्ञ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही वातावरण होने लगा जहरीला

- जिले में हवा में प्रदूषण का स्तर (एक्यूआई) 200 से ऊपर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही अब शहर का वातावरण भी धीरे-धीरे जहरीला होने लगा है। इस समय वातावरण में स्मॉग छा रहा है। जो आंखों में जलन पैदा कर रहा है। हवा में प्रदूषण का स्तर (एक्यूआई) 200 से ऊपर पहुंच गया है। 200 से ज्यादा एक्यूआई सेहत के लिए हानिकारक माना जाता है। इसे लेकर कृषि विभाग भी सख्त हो गया है और विभाग द्वारा फसल अवशेष जलाने के मामले में अलेवा, नगूरां, पेगां, थुआ में चार किसानों पर केस दर्ज किया गया है। अबतक जिले में मिल चुकी 49 फायर लोकेशन मिल



जींद। सुबह के समय छाया स्मॉग।

चुकी हैं। इनमें 38 किसानों पर 95 हजार जुर्माना कृषि विभाग द्वारा किया गया है।
10 अक्टूबर को उन्हें हरसेक से उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि थुआ गांव में खेतों में आग लगाई गई है। इस पर वह हलका पटवारी विरेंद्र को लेकर मौके पर पहुंचा और साइट पर किसान बलवंत के खेत में धान के फसल अवशेष जलाए गए थे। इस पर किसान बलवंत को 2500 रुपये जुर्माना किया गया।

अब सरकार के आदेश हैं कि फसल अवशेष जलाने वाले किसानों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवाई जाए। इसलिए मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। इसी तरह विभाग के सहायक प्रौद्योगिक प्रबंधक डिंपल की शिकायत पर अलेवा गांव में किसान सत्यवान के खेतों में फसल अवशेष जलाने पर उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अलेवा खंड के खंड प्रौद्योगिक प्रबंधक अनीश कुमार की शिकायत पर नगूरां गांव के किसान साधु राम द्वारा खेत में फसल अवशेष जलाने पर मुकद्मा दर्ज किया गया है। संबंधित थाना पुलिस ने चारों किसानों के खिलाफ फसल अवशेष जलाने के मामले दर्ज किए गए हैं।

### इन तरीकों से बचाएं अपने आप को

1. तेज बाइक चलाने से बचें। बाइक चलाते हुए चश्मे का प्रयोग करें।
2. आंख से पानी आने या जलन की समस्या होने पर चिकित्सक की सलाह लें।
3. घर में ही रह कर नियमित व्यायाम करें।
4. इस समय सुबह व शाम की सैर को कुछ दिनों के लिए रोक दें और घर में ही रहकर व्यायाम करें।
5. एलर्जी के मरीजों को इस समय खुले में ज्यादा घूमने से बचना चाहिए।
6. घर से बाहर निकलते हुए मास्क का प्रयोग करें।

### पराली जलाने वाले किसानों पर दर्ज हो रहे मामले

कृषि विभाग के सहायक प्रोद्योगिक प्रबंधक मेजर सिंह को हरसेक से सूचना मिली थी कि पेगां गांव में खेतों में आगजनी हुई है। मौके पर गांव के नंबरदार के साथ जाकर देखा गया तो यहां फसल अवशेष जलाए गए थे। किसान नरेश को बुलाकर जवाब मांगा गया लेकिन वह कोई जवाब नहीं दे पाया। वहीं कृषि एवं कल्याण विभाग के सहायक प्रोद्योगिक प्रबंधक बलवंत ने अलेवा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी ड्यूटी डीसी के आदेशानुसार फसल अवशेष जलाने से रोकने को लेकर लगाई गई है।

### सास, दमे व एलर्जी के मरीज रखें अपना विशेष ध्यान : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि इस समय हवा में प्रदूषण का स्तर 200 पहुंच चुका है। प्रदूषण बढने से सांस, दमा, एलर्जी के मरीजों की परेशानियां बढ़ जाती हैं। ऐसे में एलर्जी मरीजों को इस दौरान बाहर बेहद कम निकलना चाहिए। बाहर निकलते हुए मास्क का प्रयोग करना चाहिए।

## लखविंदर की नियुक्ति पर परिवार में खुशी



बराड़ा। लखविंदर अपने परिजनों के साथ खुशी के क्षण सांझा करते।

**बराड़ा।** उपमंडल के गांव नाहरा के एक साधारण परिवार के युवा लखविंदर सिंह को क्लर्क पद का नियुक्ति पत्र मिला है। नौकरी पाकर लखविंदर सिंह हतप्रभ रह गया। उसका परिवार खुशी से गदगद है । बीएससी (नॉन मेडिकल) कर चुके लखविंदर सिंह ने बताया कि उसने बहुत सी प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लिया। पिछले दिनों हरियाणा पुलिस की भर्ती में भी उसने भाग्य आजमाया लेकिन कुछ कारणवश उसका चयन नहीं हो पाया। विधानसभा चुनाव से पहले ग्रुप डी में उसका चयन हुआ था। वह संविदा के आधार पर उपायुक्त कार्यालय अम्बाला में नौकरी करने लग गया था। इसके बाद गत दिनों ग्रुप सी के रिजल्ट में उनका क्लर्क के लिए चयन हो गया। लखविंदर ने बताया कि सरकार की नौकरियो में पारदर्शिता के कारण उनका लगातार ग्रुप डी और सी में योग्यता के आधार पर चयन हुआ। इसके लिए वह सरकार का धन्यवाद करते है। जनस्वास्थ्य विभाग में कार्यरत पिता सुमेर सिंह और मां सुनीता देवी सहित अन्य परिजनों ने लखविंदर सिंह का मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। उसने माता-पिता,बुआ बिमला, भाई अमित सिंह, मोहित, चाचा पूर्ण सिंह, अजीत सिंह का आशीर्वाद बताते हुए कहा कि कठिन समय में इन लोगों ने मेरा हौसला बढ़ाया ।

## डीएपी के लिए महिलाएं लगी लाइन में

**उचाना।** भारतीय संस्कृति में करवा चौथ के व्रत का बड़ा महत्व है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखते हुए अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है। करवा चौथ के व्रत के दिन उचाना की मंडी में हैफेड की सरकारी दुकान के बाहर महिलाएं लंबी लाइन में लगी नजर आई। करवा चौथ के व्रत के दिन डीएपी खाद के लिए महिलाएं लाइन में लग कर डीएपी खाद मिलने का इंतजार करती नजर आई। डीएपी खाद हैफेड की सरकारी दुकान पर आने की जानकारी मिलने के बाद रविवार सुबह ही किसान मंडी पहुंच गए थे। गेहूं की बिजाई से पहले डीएपी खाद की जरूरत किसानों को होती है। अब से ही डीएपी खाद को लेकर ये हाल है तो आने वाले दिनों में क्या हाल होगा इसका अंदाजा मंडी में डीएपी खाद को लेकर लगी लंबी लाइन से नजर आया। डीएपी लेने आई महिला सुमन, राजो, बीरमती ने कहा कि करवा चौथ के व्रत के दिन भी डीएपी खाद लेने के लिए मंडी में आना पड़ा है। यहां पर भी लंबी लाइन में लगना पड़ा। कई घंटों के बाद जब खाद के बैगों की पर्ची मिलनी शुरू हुई तो नंबर आया। कई दिनों से खाद लेने के लिए उनके परिवार के सदस्य मंडी आ रहे है लेकिन खाद नहीं आ रहा था। किसान रामकुमार काकड़ोद, मनोज चहल भौंगरा, सुरेश ने कहा कि गेहूं की बिजाई को लेकर डीएपी खाद की जरूरत होती है। कई दिनों से खाद को लेकर चक्कर काट रहे हैं लेकिन खाद नहीं आ रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## करवाचौथ पर पूरे दिन ब्यूटीपार्लरों व मेहंदी सेंटरों पर रही महिलाओं की भीड़

# सुहागिनों ने चांद के दीदार के साथ पति की लंबी उम्र मांगी

- नवविवाहित महिलाओं ने स्पेशल ऑफर का उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिलेभर में रविवार को करवाचौथ का पर्व मनाया गया। महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए दिन भर व्रत रखा।

चौथ माता की कहानी सुनी व देर रात आकाश में चांद के दर्शन करके अपना व्रत खोला। बता दें कि भारतीय रीति-रिवाज के अनुसार करवा चौथ के पर्व को सुहाग का प्रतीक माना गया है। विवाहित महिलाएं इस दिन उपवास रख अपने पति की दीर्घायु एवं स्वास्थ्य की मंगल कामना करती हैं। रात को चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित कर व्रत को



अंबाला। करवाचौथ पर्व पर कथा सुनती सुहागिनें।

पूर्ण करती हैं। यह व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को किया जाता है।

इसको कर्क चतुर्थी भी कहा जाता है। वास्तव में यह त्यौहार भारतीय संस्कृति के अनुसार पति पत्नी के पवित्र बंधन का प्रतीक हैं। पंडित विशाखादत्त शास्त्री ने बताया कि बदले परिवेश में महिलाओं की तरह पुरुष भी अपनी पत्नी की दीर्घायु एवं समर्पण भावना के लिए करवा चौथ का व्रत करने लगे हैं रविवार दिन भर ब्यूटी पार्लर में भी मेकअप के लिए महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। खासकर जिनकी पहली करवाचौथ थी उन महिलाओं ने पार्लरों से स्पेशल मेकअप ऑफर का लाभ उठाया।

अपने सोलह श्रृंगार में कोई भी सुहागन किसी तरह की कसर नहीं छोड़ना चाहती थी। विवाहिता सोनिया ने बताया कि उसका पहला करवाचौथ था इसलिए पार्लर से मेकअप कराया है। सुबह से ही बाजारों में रौनक छाई रही। महिलाओं में काफी उत्साह रहा तथा देर शाम तक महिलाएं मेहंदी लगवाने के लिए ब्यूटी पार्लर में पहुंचती रही, जिससे दिनभर काफी भीड़भाड़ रही। मेहंदी लगवाने को लेकर महिलाओं में अधिक रूचि देखी गई तथा इसके लिए दुकानों पर कार्य करने वाली युवतियां विशेष तौर से इसी कार्य के लिए लगी हुई थी। महिलाओं की पसंद राजस्थानी तथा दुल्हन मेहंदी अधिक रही। पुरुषों ने भी अपनी पत्नी व अविवाहित लड़कियों ने अपने भाई व पिता की दीर्घायु के लिए करवा चौथ का उपवास किया।

रात को सुहागिनों की निगाहें दीदार ए चांद को तराशने में लगी थीं। कोई टीवी पर तो कोई इंटरनेट से चांद निकलने के सही समय की जानकारी ले रही थी।

### घरों में हुई विशेष सजावट

करवा चौथ व्रत की विशेष पूजा महिलाएं अपने घर में ही करती हैं लेकिन सामूहिक रूप से कथा सुनी गई। शहर की कई रिहायशी कॉलोनियों में सामूहिक पूजा अर्चना हुई। एक जगह पर एकत्र महिलाओं ने करवा चौथ कथा सुनने के साथ ही गौरी पूजा की। महिलाएं फल-फूल और मेवे से भरी थालियों का फेरा माता के चरणों के चारों ओर किया, फेरा होने के बाद सब महिलाओं ने मंदिर में जाकर गौरी माता के साथ थाली में रखे फल फूल और मेवा पंडित को अर्पित किया। करवा चौथ व्रत रखने का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा चंद्र पूजन है। व्रत रखने वाली महिलाएं शाम ढलते ही चंद्र दर्शन की प्रतीक्षा करने लगी। आसमान पर चांद के दिखाई देते ही महिलाओं ने विधि विधान से पूजा की और चंद्रमा को कच्चा दूध, गंगा जल से अर्घ्य दिया। इसके बाद चलनी से चंद्रमा का दर्शन कर और फिर पति का चेहरा देखा, पति के हाथों से पानी पीकर व्रत तोड़ा।